निबंधित / Mail

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :–01 / भू0अ0नि0 (2) क्षे0 स्था0 (अनुकम्पा)– 36 / 2022.......... पटना, दिनांक :–

आदेश

जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला अनुकम्पा समिति, खगड़िया का ज्ञापांक 1344 दिनांक 30.12.2023 (क्रमांक–07) द्वारा अनुशंसित तद्नुसार बन्दोबस्त कार्यालय, खगड़िया का पत्रांक 418–II दिनांक 29.05.2025 से नियुक्ति हेतु वांछित सभी प्रमाण–पत्रों के सत्यापन के उपरान्त प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में स्व0 पंकज कुमार सिंह, भूतपूर्व निम्नवर्गीय लिपिक के आश्रित पुत्री सुश्री जुही कुमारी को निम्नवर्गीय लिपिक (समूह–'ग') के पद पर सामान्य प्रशासन विभाग एवं वित्त विभाग, बिहार, पटना द्वारा समय–समय पर निर्गत प्रावधानों के अधीन ग्रेड पे–1900 (वेतन स्तर–2) तथा सरकार द्वारा समय–समय पर स्वीकृत अन्य भत्तों के साथ बन्दोबस्त कार्यालय, कटिहार में अस्थायी रुप से नियुक्त किया जाता है।

2. अनुकम्पा पर नियुक्त व्यक्ति पर मृत सरकारी सेवक के सभी आश्रितों के भरण–पोषण का पूर्ण दायित्व होगा। विपरीत सूचना प्राप्त होने पर नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी।

3. यदि भविष्य में यह पाया गया कि नियोजित व्यक्ति द्वारा किसी तरह की गलत सूचना तथा धोखाधड़ी के आधार पर नियुक्ति पत्र प्राप्त किया गया है, नियोजित व्यक्ति से बिना किसी कारण–पृच्छा किसी भी समय इनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी एवं आवश्यक कार्रवाई भी की जायेगी।

4. असैनिक शल्य चिकित्सक का स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र एवं दहेज नहीं लेने–देने संबंधी घोषणा पत्र एवं मद्य निषेध के संबंध में शपथ–पत्र के साथ बन्दोबस्त कार्यालय, कटिहार के समक्ष आदेश निर्गत की तिथि के एक माह के अन्दर अपना योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक उपर्युक्त औपचारिकताओं का पालन करते हुए योगदान नहीं करने की स्थिति में इनकी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जाएगी।

5. यह नियुक्ति वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0–2469 दिनांक 16.11.2005 के आलोक में नई अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित होगी।

6. योगदान हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

ह0 / –

(जे0 प्रियदर्शिनी)

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 01 / भू0अ0नि0 (2) क्षे0 स्था0 (अनुकम्पा)– 36 / 2022–................. पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

कृ0पृ0उ0

D:\Kavita -Y-2025\Saurabh Ji\Order\36-2022-01-08-2025 (Anu.).doc

निबंधित

ज्ञापांकः 01 / भू0अ0नि0 (2) क्षे0 स्था0 (अनुकम्पा)– 36 / 2022–.................. **पटना, दिनांक :**

प्रतिलिपि : सुश्री जुही कुमारी, पिता–स्व0 पंकज कुमार सिंह, ग्राम–कुमारपुर, डाकघर–कटहरा, थाना+प्रखंड–सुल्तानगंज, जिला–भागलपुर–813213 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 01 / भू0अ0नि0 (2) क्षे0 स्था0 (अनुकम्पा)– 36 / 2022–.................. **पटना, दिनांक :**

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि नवनियुक्त कर्मी की प्रविष्टि R2R में भी करेंगे।

ह0 / –
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 01 / भू0अ0नि0 (2) क्षे0 स्था0 (अनुकम्पा)– 01 / 2022–1383 **पटना, दिनांक :** 08/08/2025

प्रतिलिपि :–श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

5/8
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Kavita -Y-2025\Saurabh Ji\Order\36-2022-01-08-2025 (Anu.).doc